# छात्रों को राजनीतिक मोहरा न बनाएं

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चल रही राजनीतिक बहस के बीच विपक्ष पर तीखा निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए छात्रों और युवाओं का उपयोग कर रहे हैं, जो उचित नहीं है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि युवाओं को राजनीतिक मोहरा बनाने के बजाय उनके भविष्य और विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए.**

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी संकल्पबद्ध है कि किसी भी युवा या छात्र के साथ अन्याय न हो. उनके अनुसार, युवाओं के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. रक्षा मंत्री ने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में संवाद और चर्चा का सबसे उपयुक्त मंच संसद है. यदि किसी विषय पर सवाल या मतभेद हैं तो उन्हें संसद के भीतर उठाया जाना चाहिए, न कि सड़कों पर आंदोलन के जरिए राजनीतिक माहौल बनाया जाना चाहिए.

### आज युवा पहले की तुलना में अधिक जागरूक




उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करते हुए सभी दलों को संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अपनी बात रखनी चाहिए. राजनाथ ने यह भी कहा कि देश का युवा आज पहले की तुलना में अधिक जागरूक और समझदार है. वह राजनीतिक स्वार्थ और राष्ट्रहित के बीच का अंतर अच्छी तरह समझता है. उन्होंने विश्वास जताया कि देश के युवा विकास, शिक्षा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देंगे तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक राजनीति का हिस्सा नहीं बनेंगे.

### धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में विफलता : कांग्रेस

कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर आरोप लगाया है कि उनके



इस्तीफे की मांग किसी एक मुद्दे पर आधारित नहीं है, बल्कि शिक्षा मंत्रालय में उनके कार्यकाल के दौरान सामने आई विफलताओं और कथित भ्रष्टाचार की लंबी श्रृंखला के कारण की जा रही है. कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में श्री प्रधान पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि वह एक उदासीन, असंवेदनशील, अयोग्य और आदतन झूठ बोलने वाले

### प्रधानमंत्री आवास धरना गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार

वहीं, भाजपा के नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को यहां



संवाददाताओं से बातचीत में कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिना इजाजत जबरदस्ती प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर धरना दिया. उनके पिता, दादी और परदादा प्रधानमंत्री रह चुके हैं. उन्हें प्रधानमंत्री आवास की गरिमा का पता है, फिर भी उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया. श्री प्रसाद ने कहा, देश के लोकतांत्रिक इतिहास में सचमुच यह एक शर्मनाक दिन था.

# पीएम मोदी से मिले चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा का हस्तनिर्मित चित्र भेंट किया, जो आंध्र प्रदेश की पारंपरिक शिल्पकला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है. प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी सामाजिक माध्यम एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की जानकारी साझा की.**



यह मुलाकात भोगापुरम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के उद्घाटन से पहले हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अगस्त को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन करेंगे. मुख्यमंत्री नायडू ने हाल ही में कहा था कि यह हवाईअड्डा उत्तर आंध्र के आर्थिक विकास की दिशा बदलने वाला साबित होगा. वर्ष 2014 में शुरू हुई इस परियोजना को वर्तमान गठबंधन सरकार ने तेजी से पूरा कराया है.

राज्य सरकार उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने की तैयारियों में जुटी है. मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया. बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राम मोहन नायडू, राज्य मंत्री नादेंदला मनोहर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे.



# असम में बाढ़ का कहर, 21 की मौत

**गुवाहाटी, 22 जुलाई. असम में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है.**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पिछले 24 घंटे में बाढ़ से 21 लोगों की मौत हो गई, जिससे इस वर्ष बाढ़ से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 31 हो गई है. राज्य के बिस्वनाथ, चराइदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप महानगर, कार्बी आंगलोंग, नगांव, शिवसागर और तिनसुकिया सहित 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं.

# जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ खड़े हुए केजरीवाल

## पुलिस कार्रवाई पर केजरीवाल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुधवार को राजधानी के जंतर-मंतर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं से मुलाकात कर उनके आंदोलन का समर्थन किया. इस दौरान उन्होंने मंच से छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की आवाज को अनसुना नहीं किया जाना चाहिए.**

उन्होंने प्रदर्शनकारियों की मांगों को गंभीरता से सुनने और उनका समाधान निकालने की आवश्यकता पर जोर दिया.



केजरीवाल ने कहा कि देश के युवा अपने अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे हैं. ऐसे में सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि वे उनकी बात सुनें और संवाद के माध्यम से समाधान तलाशें. उन्होंने छात्रों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी ली तथा भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा.

# सीबीआई के हलफनामे पर हाई कोर्ट ने जताया असंतोष

## राहुल गांधी की याचिका पर रिपोर्ट

**लखनऊ, 22 जुलाई. इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच से जुड़े मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) द्वारा दाखिल हलफनामे पर असंतोष व्यक्त किया है.**

अदालत ने स्पष्ट कहा कि एजेंसी का जवाब उसके पूर्व आदेश के अनुरूप नहीं है और उसमें शिकायत पर अब तक की गई कार्रवाई तथा जांच की वास्तविक प्रगति का पर्याप्त विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है. न्यायमूर्ति आर.एस. चौहान और न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह की खंडपीठ कर्नाटक निवासी एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही है.

# बेटी बनी माता-पिता और बहन की कातिल

- लिव-इन साथी संग रची मौत की पूरी पटकथा
- एआई से रची गई खौफनाक हत्या की साजिश



**बेंगलुरु, 22 जुलाई. कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में सामने आए तिहरे हत्याकांड की जांच में रोज नए खुलासे हो रहे हैं. पुलिस का दावा है कि इस मामले के मुख्य आरोपी और उसकी लिव-इन साथी ने कथित तौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चैटबॉट का उपयोग कर कई महीनों तक हत्या की योजना तैयार की.**

जांच के अनुसार, आरोपी ने कथित रूप से यह जानने की कोशिश की कि किसी व्यक्ति पर घातक हमला कैसे किया जाए, खून के निशान किस तरह मिटाए जाएं और शवों को कैसे ठिकाने लगाया जाए. इस मामले में गिरफ्तार युवती पर अपने माता-पिता और छोटी बहन की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है. जांच एजेंसियों का कहना है कि दोनों आरोपियों ने घटना से पहले डिजिटल माध्यमों का व्यापक इस्तेमाल किया. पुलिस अब संबंधित कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच से बातचीत का रिकॉर्ड हासिल करने की प्रक्रिया में जुटी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आरोपियों ने किस प्रकार की जानकारी प्राप्त की थी और उसका कथित अपराध से क्या संबंध था.

जांच में यह भी सामने आया है कि पुलिस डिजिटल उपकरणों, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच करा रही है. अधिकारियों का मानना है कि इन साक्ष्यों से कथित योजना, आरोपियों की गतिविधियों और घटना के क्रम को समझने में मदद मिल सकती है.

# बस ने 4 को कुचला, 2 की मौत

**चंडीगढ़, 22 जुलाई. पंजाब के पठानकोट जिले में जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कौंतरपुर के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया. पुलिस के अनुसार, एक निजी लग्जरी बस की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवकों को बस काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.**

हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए. दोनों



युवकों की मौत से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने बस में आग लगा दी. आग लगते ही बस में अफरा-तफरी मच गई. बस में मौजूद यात्रियों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. आग की लपटों ने कुछ ही देर में बस को अपनी चपेट में ले लिया. जानकारी मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं. दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

# सीमा पार से हथियार तस्करी, 3 गिरफ्तार

## ड्रोन के जरिए हथियार सप्लाई करने वाला गिरोह बेनकाब

**बीकानेर, 22 जुलाई. राजस्थान के बीकानेर पुलिस ने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी करने वाले एक संगठित नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**




पुलिस के अनुसार, ये आरोपी पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से भारतीय सीमा में गिराई गई हथियारों की खेप को जीपीएस लोकेशन की मदद से ढूंढकर उठाते थे और फिर उसे आगे नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचाते थे. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तस्करी का यह नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था. सीमा पार से ड्रोन के जरिए हथियार भेजे जाते थे और पहले से साझा की गई लोकेशन के आधार पर उन्हें भारतीय क्षेत्र से सुरक्षित निकाल लिया जाता था.

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हालिया गिरफ्तारियों से इस पूरे मॉड्यूल की कई महत्वपूर्ण कड़ियां सामने आई हैं. पूछताछ के दौरान ऐसे संकेत भी मिले हैं कि इस नेटवर्क के तार भारत की एक जेल से भी जुड़े हो सकते हैं. हालांकि पुलिस ने संबंधित जेल या अन्य संवेदनशील जानकारी का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है और इस पहलू की विस्तृत जांच जारी है.

### एक नजर में

#### ब्रिक्स देशों में एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप के गठन पर सहमति

**नयी दिल्ली.** नई भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता के तहत मंगलवार को चंडीगढ़ में पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा पर ब्रिक्स देशों की बैठक आयोजित हुई. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. बैठक में टीसीआईएम के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और ब्रिक्स एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप के गठन पर आम सहमति बनी. नौ सदस्य देशों ने लिया भाग-बैठक में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इस दौरान पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं, नीतिगत अनुभवों और वैज्ञानिक प्रगति के आदान-प्रदान पर चर्चा हुई. बैठक का आयोजन ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण के तहत किया गया.

#### भारत ने बना ली ड्रोन्स-मिसाइल की आत्मा

**नई दिल्ली.** भारत को रक्षा और एयरोस्पेस तकनीक में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक सफलता मिली है. भारतीय डीपटेक स्टार्टअप पाणिनियन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नए यंतुर 4.5 केएन टर्बोफैन इंजन प्रोग्राम को दुनिया के सामने रखा. निजी क्षेत्र द्वारा तैयार किया गया यह स्वदेशी इंजन भविष्य के लंबी दूरी के ड्रोन्स, कॉम्बैट यूएवी और क्रूज मिसाइलों के लिए देश को अपनी संप्रभु और स्वदेशी प्रोपल?शन तकनीक प्रदान करेगा. इस इंजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूरी तरह से स्केलेबल है. इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार 12.5 केएन की क्षमता तक लेजाया जा सकता है. इससे भारत को अब छोटे और शक्तिशाली एयरोस्पेस इंजन के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा. यंतुर इंजन को विशेष रूप से पाणिनियन के स्वायत्त एल1 प्लेटफॉर्म को पावर देने के लिए डिजाइन किया गया है.

# बंगाल को 50 नई एसी बसों की सौगात




**कोलकाता, 22 जुलाई. पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई गति देने की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण पहल करते हुए 50 नई वातानुकूलित (एसी) सरकारी बसों का लोकार्पण किया.**

कस्बा स्थित ट्रांसपोर्ट बिल्डिंग-2 में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और राज्य में आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था विकसित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई. समारोह में परिवहन एवं श्रम मंत्री अर्जुन सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल (आईएएस), परिवहन एवं वित्त विभाग के राज्य मंत्री आनंदमय बर्मन तथा परिवहन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. रवि इंदर सिंह (आईएएस) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# ईरान युद्ध पर अमेरिकी सीनेट में तीखी बहस

**वाशिंगटन, 22 जुलाई. ईरान के साथ जारी युद्ध को लेकर अमेरिकी की सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति पर राजनीतिक टकराव देखने को मिला. डेमोक्रेट सीनेटर्स ने इस युद्ध को गैरकानूनी बताते हुए अमेरिकी सैनिकों को तुरंत वापस बुलाने की मांग की, जबकि रिपब्लिकन ने ट्रंप के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि उनका कदम ईरान को दोबारा बातचीत की मेज पर लाने और होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के लिए उठाया गया है.**

डेमोक्रेट्स के नेता चक शूमर ने कहा कि उनकी पार्टी इस सप्ताह फिर से मतदान कराएगी ताकि अमेरिका की इस युद्ध में भागीदारी खत्म की जा सके. उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की जानकारी छिपाने का आरोप लगाया. चक शूमर ने डेमोक्रेट्स की हुई नीति बैठक के बाद कहा, 'ट्रंप घायल सैनिकों की सच्चाई छिपाकर इसे शांति नहीं कह सकते. कांग्रेस को इस युद्ध को खत्म करना होगा.

### हस्तियों के ट्वीट



पोडकास्टर राज शामनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आपका दिमाग बार-बार किसी काम से बचने की आदत को डर में बदल देता है. जब आप पहली बार किसी काम से बचते हैं, तो आपको राहत महसूस होती है. लेकिन पाँचवीं बार वही काम डरावना लगने लगता है। किसी काम से बचने की आदत डर को और बढ़ाती है.

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि जब सरकार न सुनेगी बच्चों की आवाज़ज्तब विपक्ष को सड़कों पर आना ही होगा! मुखिया जी के दरवाजे पर जाना ही होगा !जब बच्चों पे बेरहमी से होगा निर्मम वारज्तब विपक्ष को सड़कों पर आना ही होगा !मुखिया जी के दरवाज़े पर जाना ही होगा!




**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2026/25 दिनांक : 23.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है ।

किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**



**वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन्स, नागपूर-440001, महाराष्ट्र, भारत. वेबसाईट www.westerncoal.in

**कैविएट नोटिस**

यह सूचित किया जाता है कि **वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नागपुर** के प्रबंधन द्वारा **दिनांक 16.07.2026** को माइनिंग सरदार, टी एंड एस ग्रेड-सी तथा असिस्टेंट फोरमैन (प्रशिक्षु) (इलेक्ट्रिकल)/इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर, टी एंड एस ग्रेड-सी के पदों पर भर्ती हेतु भर्ती अधिसूचना जारी की गई है। यह सूचना संबंधित सभी व्यक्तियों को दी जाती है कि यदि कोई उक्त भर्ती प्रक्रिया को माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, प्रधान पीठ, जबलपुर के समक्ष रिट याचिका अथवा किसी अन्य विधिक कार्यवाही के माध्यम से चुनौती देना चाहता है, तो वह अपने आवेदन/याचिका/वादपत्र की एक प्रति **वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, कोल एस्टेट, सिविल लाइंस, नागपुर अथवा उनके अधिवक्ता श्रीमती दीपा नायर, अधिवक्ता, 1570-ए, नेपियर टाउन, जबलपुर (मध्य प्रदेश)** को अनिवार्य रूप से प्रेषित करे।

**उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध)**
**वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, कोल एस्टेट, सिविल लाइंस, नागपुर**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला- मण्डला (म.प्र.)**
Office of Municipal Council Nainpur, District - Mandla (M.P) Phone No. 07646-240106, Email ID - cmonanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/ 1497/ लो.नि.वि./ई-निविदा/2025 **निविदा सूचना** नैनपुर, दिनांक :- 22/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_522594_1 दि. 22/07/2026 NIT No. 1485/PWD/NP/2026 | नगर पालिका नैनपुर के ट्रेंचिंग ग्राउण्ड से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जबलपुर तक कचरा परिवहन कार्य। | 03 Year 24,00,000/- | 2,000/- 24,000/- | 24/08/2026 |
| 2026_UAD_512066_1 दि. 22/07/2026 NIT No. 1459/PWD/NP/2026 | निकाय अंतर्गत विद्युत सामग्री प्रदाय सामग्री सप्लाई | 05 Days 30,00,000/- | 5,000/- 60,000/- | 24/08/2026 |
| 2026_UAD_512067_1 दि. 22/07/2026 NIT No. 1459/PWD/NP/2026 | निकाय अंतर्गत मोटर पम्प एवं टरबाईन सप्लाई | 05 Days 30,00,000/- | 5,000/- 40,000/- | 24/08/2026 |
| 2026_UAD_512068_1 दि. 22/07/2026 NIT No. 1459/PWD/NP/2026 | नगर पालिका परिषद नैनपुर में टेंट सामग्री सप्लाई | 1-5 Days 15,00,000/- | 2,000/- 36,000/- | 24/08/2026 |

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद नैनपुर**



**कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.)**
फोन नं.- 07622-274220 ई-मेल- cmobarhi@mpurban.gov.in

क्रं. 671 / NP/2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** बरही दिनांक :-21/07/2026

कार्यालय नगर परिषद, बरही द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. शासन के प्रचलित आइ.एस.एस.आर प्रभावशील दिनांक 02.08.2021 एवं 08.11.2025 रोड एवं ब्रिज (निविदा जारी दिनांक तक हुये सभी संशोधनों सहित) अनुसार कम/प्रतिशत दर पर लोकनिर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन पद्धति में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| सं.क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_UAD_522952_1 | वार्ड क्र. 12 में भैया सिंह से रंगू कोल तक नाली निर्माण। | 03 माह 3,39,000.00 | 2000.00 3390.00 |
| 02. | 2026_UAD_522951_1 | वार्ड क्र. 14 एवं 15 में हेंडपंप खनन कार्य। | 01 माह 3,25,524.00 | 2000.00 3255.00 |
| 03. | 2026_UAD_522956_1 | वार्ड क्रमांक 09 शिवकुमार गुप्ता से अर्जुन कोल तक क्षतिग्रस्त सीसी नाली निर्माण। | 03 माह 434036.00 | 2000.00 4340.00 |
| 04. | 2026_UAD_522995_1 | वार्ड क्र. 03 एवं 04 के मध्य ब्रम्हदत्त तिवारी के मकान से शिवनारायण तिवारी के मकान होते हुये डोली रोड नारायण राव के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 613110.00 | 2000.00 6131.00 |

शर्ते :- 1. निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते आदि आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 12.07.2026 समय 10.30 बजे से 10.08.2026 समय 17.30 बजे तक क्रय किये जा सकते है। 3. आनलाईन बिड एवं समस्त दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 10.08.2026 को 17.30 बजे तक है। 4. आनलाईन निविदा दिनांक 11.08.2026 को 17.30 बजे से खोली जावेगी। 5. किसी भी प्रकार का संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in सिर्फ वेवसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बरही जिला कटनी (म.प्र.)**